तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 23.0 डिग्री

हरिभूमि
# वनांचल भूमि
रायपुर, सोमवार 4 अगस्त 2025

10 कोकोड़ी का एथेनॉल प्लांट, खेतों में बर्बाद हो रही ...



11 बच्चों, महिलाओं और किशोरी बालिकाओं के पोषण और ...





## खबर संक्षेप



### 3 निजी दुकानों में कृषि अमले ने की छापामारी

**जगदलपुर।** बस्तर जिले में निजी दुकानदारों के द्वारा अधिक मूल्य पर यूरिया उर्वरक विक्रय की शिकायतें प्राप्त होने पर तीन निजी दुकान पर कार्रवाई की गई। कृषि विभाग के उप संचालक राजीव श्रीवास्तव ने बताया कि इनमें मेसर्स बस्तर कृषि केन्द्र बस्तर, दीपक मार्केटिंग पोटानार एवं पाण्डे कृषि केन्द्र मुरकुची पर विक्रय प्रतिबंध लगाकर अनुज्ञप्ति प्राधिकारी उर्वरक की ओर आगामी कार्रवाई के लिए प्रकरण प्रस्तुत किया जाएगा। उक्त तीनों कृषि केन्द्रों पर समस्त कार्बनिक तथा अकार्बनिक उर्वरकों पर प्रतिबंध लगाया गया है। उन्होंने बताया कि सहकारी समितियों में पर्याप्त मात्रा में उर्वरकों का भंडारण कराया गया है, ताकि कृषकों को उर्वरकों के लिये भटकना ना पड़े। साथ ही नैनो यूरिया पर्याप्त मात्रा में सहकारी समितियों तथा निजी कृषि केन्द्रों में भंडारित है। जिसका उपयोग कृषक अपने खेतों में करते हुए उत्पादन प्राप्त कर सकते है।

### कन्या पॉलिटेक्निक में इंडक्शन प्रोग्राम आज से

**जगदलपुर।** शहर के धरमू माहरा शासकीय कन्या पॉलिटेक्निक में नवप्रवेशित विद्यार्थियों के लिए इंडक्शन प्रोग्राम का आयोजन 4 अगस्त से 7 अगस्त तक किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों के लिए विभिन्न परिचयात्मक सत्र एवं प्रेरणादायक गतिविधियां आयोजित की जाएंगी।

### जुलाई माह का वेतन अब तक नहीं मिला, शिक्षकों में आक्रोश

**जगदलपुर।** विकासखंड बस्तर में शिक्षकों को जुलाई माह का वेतन 3 अगस्त तक नहीं मिलने से नाराजगी देखी जा रही है। यह



स्थिति तब है जब कार्यालय में पर्याप्त स्टाफ मौजूद है,इसके बावजूद वेतन भुगतान में लगातार विलंब होना चिंता का विषय है।

शिक्षकों का कहना है कि अधिकांश शिक्षक बैंक से लोन लेकर ईएमआई भरते हैं, जिसकी कटौती की तिथि हर माह की 1 तारीख निर्धारित रहती है। समय पर वेतन नहीं मिलने से उन्हें न केवल मानसिक तनाव झेलना पड़ता है, बल्कि अतिरिक्त चार्ज और पेनाल्टी भी देनी पड़ती है।

कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के बस्तर संभाग अध्यक्ष गजेंद्र श्रीवास्तव ने इस पूरे मामले में विकासखंड शिक्षा अधिकारी को जिम्मेदार ठहराया है। उन्होंने कहा कि जब कार्यालय में पर्याप्त कर्मचारी कार्यरत हैं, तो वेतन वितरण में देरी किसी भी हाल में स्वीकार्य नहीं है।

### आवक कम होने से महंगा हुआ टमाटर



**जगदलपुर।** शहर के साप्ताहिक बाजार में इस रविवार को लोकल टमाटर गायब होने के चलते कर्नाटक से पहुंच रहे हैं। यही कारण है कि टमाटर 50 रुपए किलो में बिक रहा है, जिससे लोग परेशान हैं। बाजार में करेला 80, फूलगोभी 80, पत्तागोभी 40, भिंडी 80, आलू 30, प्याज 30, अदरक 180, लहसून 250 रूपए किलो और लालभाजी, पालकभाजी 20 रूपए में 12 जूड़ी बिक रहा है। बाजार में शहरीय एवं ग्रामीण क्षेत्र के खरीददारों की भीड़ लगी रही।

# विवाहित महिलाओं ने मंगलसूत्र पहनकर दी परीक्षा, बालियां उतारीं

## प्रयोगशाला परिचारक भर्ती परीक्षा में नए नियम कायदों का करना पड़ा पालन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

व्यावसायिक परीक्षा मंडल ने नकल रोकने के लिए नियमों में परिवर्तन किया है, जिसके तहत विद्यार्थियों को परीक्षा में शामिल होने के लिए निर्धारित समय से एक घंटा पहले पहुंचना था, प्रवेश से पूर्व मेटल डिटेक्टर से पूरी जांच की गई। इस बार विवाहित महिलाओं के गले से मंगलसूत्र नहीं हटाया गया। विवाहित महिलाओं ने मंगलसूत्र पहनकर परीक्षा दी गई। परीक्षा केंद्र में इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, बाली, झुमका, मोबाइल, बेल्ट, जूता, मोजा, हाथ में घड़ी, धागे, स्कॉर्फ, टोपी, चश्मा तथा अन्य सामग्रियां प्रतिबंधित रहीं। हाफ टी-शर्ट या शर्ट, हल्के कपड़े एवं पैरों में चप्पल पहन कर आने वालों को ही प्रवेश दिया गया। व्यावसायिक परीक्षा मण्डल द्वारा पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अंतर्गत आज शहर के 9 परीक्षा केन्द्रों में प्रयोगशाला परिचारक भर्ती परीक्षा का आयोजन किया गया। केन्द्रों में पीजी कॉलेज धरमपुरा, इंजीनियरिंग कॉलेज धरमपुरा, दंतेश्वरी महिला महाविद्यालय शांति नगर, शासकीय महारानी लक्ष्मी बाई कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जगदलपुर, शासकीय बहुउद्देशीय हायर सेकेंडरी स्कूल जगदलपुर, बाल विहार हायर सेकेंडरी स्कूल जगदलपुर, स्वामी आत्मानंद एक्सीलेंट इंग्लिश मीडियम हायर सेकेंडरी स्कूल स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स धरमपुरा, स्वामी विवेकानंद ▶▶| शेष पेज 10 पर



### 3158 अभ्यर्थियों ने दी परीक्षा



परीक्षा के सफल संचालन के डिप्टी कलेक्टर मायाचंद चंद्रा ने बताया कि छत्तीसगढ़ व्यवसायिक परीक्षा मंडल द्वारा रविवार को प्रयोगशाला परिचारक चतुर्थ श्रेणी भर्ती परीक्षा का आयोजन किया गया। सुबह 11 बजे से दोपहर 1.15 बजे तक आयोजित इस परीक्षा में 3546 पंजीकृत अभ्यर्थियों में से 3158 अभ्यर्थी शामिल हुए, वहीं 388 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे।

**पहल :** बेटियों को सम्पत्ति में समान अधिकार के निर्णय पर आदिवासी समाज पुनर्विचार याचिका लगाएगा

# 'निर्णय' प्राचीन परंपराओं के विपरित है, समाज के रीति- रिवाजों को सही तरीके से करेंगे प्रस्तुत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- नेताम, तोडेंम और कश्यप ने कहा- फैसला आदिवासी परंपराओं को प्रभावित करेगा

सुप्रीम कोर्ट ने आदिवासी परिवारों में बेटियों को संपत्ति में समान हक देने का निर्णय सुनाया है। इसको लेकर सर्व आदिवासी समाज पुनर्विचार याचिका दायर करेगी। पूर्व केंद्रीय मंत्री अरविंद नेताम सहित अन्य नेताओं ने इस फैसले पर असहमति जताई है। अरविंद नेताम ने कहा कि उन्होंने झारखंड के नेताओं से बातचीत की है। उनका मानना है कि सुप्रीम कोर्ट का निर्णय कानूनी दृष्टि से सही हो सकता है, लेकिन यह समाज की प्राचीन परंपराओं के खिलाफ है।

उन्होंने कहा कि पुनर्विचार याचिका दायर की जाएगी, जिसमें समाज के रीति-रिवाजों को उचित तरीके से प्रस्तुत किया जाएगा। सुप्रीम कोर्ट ने छत्तीसगढ़ की एक आदिवासी महिला से जुड़े प्रकरण में यह निर्णय दिया है कि किसी आदिवासी महिला को परिवार की पैतृक संपत्ति में अधिकार है। बेटियों के विवाह के बाद जमीन दिए जाने पर जमीन के साथ देवी-देवता भी दूसरे कुटुंब में चले जाएंगे। वह परिवार जमीन के साथ बहू कुल की देवी-देवता को स्वीकार नहीं करते हैं। इससे आदिवासी समाज में कलह उत्पन्न होगा। सर्व आदिवासी समाज के जिला अध्यक्ष दशरथ कश्यप ने कहा कि आदिवासी प्रकृति पूजक हैं। जमीन से उगी फसल का अन्न कुल देवी-देवता को अर्पित करते हैं। समाज में एक गोत्र के अंदर संतानों का विवाह नहीं होता है। बेटी दूसरे गोत्र में विवाह उपरांत जाती है। ऐसी स्थिति में जमीन में यदि उसे हक दिया गया तो हमारी आस्था और प्राचीन काल से चली आ रही परंपरा बिगड़ जाएगी। उन्होंने बताया कि हम लोग बेटियों को जमीन का हक भले न दें, लेकिन अप्रत्यक्ष रूप से यथोचित सहयोग किया जाता है। उसके भाइयों के बराबर हिस्सा देने से इनकार नहीं किया जा सकता। यह न्यायोचित है, और संपत्ति में बराबरी का हक नहीं देना लैंगिक भेदभाव को बढ़ावा देगा और यह समानता के अधिकार का उल्लंघन भी है।







### जल, जंगल, जमीन हमारे देवता

पूर्व विधायक एवं सर्व आदिवासी समाज के प्रांतीय कार्यकारी अध्यक्ष राजाराम तोड़ेम का कहना है कि आदिवासी समाज में जमीन और पेड़ को देवी-देवता का दर्जा प्राप्त है। बहन- बेटियों को जमीन में हिस्सेदारी न देने के पीछे मूल कारण है कि विवाह के बाद आदिवासी समाज में जमीन और पेड़ को देवी-देवता का दर्जा प्राप्त है। बहन- बेटियों को जमीन में हिस्सेदारी न देने के पीछे मूल कारण है कि बेटियों के विवाह के बाद जमीन दिए जाने पर जमीन के साथ देवी-देवता भी दूसरे कुटुंब में चले जाएंगे। वह परिवार जमीन के साथ बहू कुल की देवी-देवता को स्वीकार नहीं करते हैं।

### लव जिहाद के मामले बढ़ने की आशंका

पूर्व केंद्रीय मंत्री अरविंद नेताम ने आशंका जताई है कि सुप्रीम कोर्ट के इस निर्णय से आदिवासी समाज में संपत्ति हड़पने की नीयत से लव जिहाद के मामले बढ़ सकते हैं। उन्होंने नागपुर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के मुख्यालय में अपने संबोधन में इस मुद्दे पर विस्तार से चर्चा की थी।



# निर्माण कार्य विवादों में आवंटित भवनों में दरारें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपालपटनम

- एग्रीमेंट भी अधर में, पांच लाख जमा करने के बाद भी दुकानदार को नहीं मिला कानूनी हक

नगर पंचायत में तालाब निर्माण की गड़बड़ी को लेकर मण्डल अध्यक्ष राकेश केतारप द्वारा आरोप और सांस्कृतिक भवन के सामने सीसी कांक्रीट से बेस व नाली निर्माण कार्य अधूरा होने के बाद एक और मामला उजागर हुआ है। हाईस्कूल के सामने बने व्यावसायिक काम्प्लेक्स निर्माण में गड़बड़ी और गुणवत्ता की कमी के आरोप लगे हैं। नगर पंचायत द्वारा निर्माण किए गए कुल 17 व्यावसायिक काम्प्लेक्सों में से केवल 2 को नीलामी के माध्यम से आवंटित किया गया है। इनमें से लाभार्थी दुर्गाराव ने बताया कि उसने नगर पंचायत में 5 लाख 10 हजार जमा किया है। लेकिन अब तक न तो एग्रीमेंट किया गया और न ही कोई दस्तावेज सौंपे गए हैं। उन्होंने बताया कि भवनों की हालत बेहद खराब है। दीवारों में दरारें, स्लैब से पानी टपकने और बेस धंसने लगा है। आसपास के हिस्सों में गड्ढे भी बन चुके हैं, जिससे भवन की नींव पर खतरा मंडरा रहा है।





# निर्णय : सर्व हिन्दू समाज पर्व त्योहारों को भव्यता से मनाएगा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- सर्व हिन्दू समाज की बैठक में हिंदू सांस्कृतिक, सामाजिक एकता और अखंडता पर मंथन

सर्व हिंदू समाज की आम सभा स्थानीय दुर्गा मंदिर परिसर में आयोजित की गई। अध्यक्ष धर्मचंद शर्मा की अध्यक्षता में सर्वप्रथम ओंकार, विजय मंत्र और जयघोष के साथ बैठक आरंभ किया गया। सचिव रंजीत पांडे ने आगामी हिंदू उत्सवों को मनाने के कार्यक्रमों के संबंध में अपने विचार रखें तथा उपस्थित सदस्यों से संगठन संबंधी कार्यक्रमों के विषय में विचार प्रकट करने का आग्रह किया। बैठक में अशोक अरोड़ा, ईश्वर राव,विजय भारत रामनरेश पांडेय,योगेंद्र कौशिक,वी बालकृष्ण ने विचार रखे । सभी ने एक स्वर में हिंदू सांस्कृतिक, सामाजिक एकता और अखंडता पर बल दिया तथा सर्व हिंदू समाज को मजबूत बनाने की दिशा में प्रयास करने हेतु सभी की सहभागिता जरूरी बताया। बैठक में योगेश ठाकुर नलिन शुक्ला, सुनील दास, नीलकंठ पांडे, निर्मल यादव, सुदर्शन पाणिग्रही, राम अवतार शर्मा, जीपी यादव सहित समाज के सदस्य उपस्थित रहे।

# पेड़ों की कटाई रोकने बच्चों ने मित्रता दिवस पर बांधा रक्षा सूत्र



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

पेड़ पक्षी पौधे हैं मित्र हमारे इस भावना के साथ बच्चों ने धरमपुरा पल्ली मार्ग पर मित्रता दिवस के अवसर पर मित्रता सूत्र बांधकर पेड़ों को बचाने की अपील की। ज्ञात हो कि सड़क चौड़ीकरण के लिए पेड़ों को चिह्नांकित किया गया है। ये वृक्ष कई साल पुराने है तथा पक्षियां इन पेड़ों पर आश्रित है । साथ ही पुराने वृक्षों में कार्बन को अवशोषित करने के गुण पाए जाते हैं। पेड़ों को बचाने बच्चों का यह अनूठा विरोध लोगो को आकर्षित किया। प्रकृति के संवर्धन और संरक्षण के लिए युवा और बच्चों ने मिल कर पेड़ो को रक्षा सूत्र बांधा। इस दौरान शुभम सोनी,अंकित माहवर,नंदनी सिन्हा,निष्ठा मिश्रा,स्वलेहा कुरैशी, खुशबू राजपूत मौजूद रहे।

# 10 अगस्त से होगा बैडमिंटन का महाकुंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- पांच दिवसीय आयोजन में जुटेंगे पूरे राज्य के खिलाड़ी

छत्तीसगढ़ राज्य बैडमिंटन संघ के तत्वावधान में बस्तर जिला बैडमिंटन संघ द्वारा आयोजित 24वीं राज्य स्तरीय सीनियर बैडमिंटन प्रतियोगिता की मेजबानी का अवसर जगदलपुर को मिला है। प्रियदर्शिनी इंदिरा स्टेडियम में 10 अगस्त से 14 अगस्त तक राज्य स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता आयोजित होने जा रही है। इस प्रतियोगिता के तहत वूमेन्स सिंगल एवं डबल्स, मेंस सिंगल एवं डबल्स सहित मिक्स डबल्स के मुकाबले खेले जाएंगे। इस प्रतियोगिता में भाग लेने राज्य के सभी जिलों से खिलाड़ी पहुंचेंगे। टूनामेंट में अब तक आ चुके 180 प्रविष्टियों के आधार पर ढाई सौ से अधिक खिलाड़ियों के शामिल होने की जानकारी देते पत्रवार्ता में जिला बैडमिंटन संघ के अध्यक्ष संजय विश्वकर्मा,सचिव राजेश त्रिपाठी ने बताया कि राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने वाले चैम्पियन खिलाड़ियों का बेहतरीन खेल देखने का अवसर बस्तर के नवोदित खिलाड़ियों और खेल प्रेमियों को ▶▶| शेष पेज 10 पर



### खिलाड़ियों को मिलेगा 1 लाख 30 हजार नकद ईनाम

पदाधिकारियों ने बताया कि इस प्रतियोगिता में खिलाड़ियों को कुल 1 लाख 30 हजार रुपए की नकद राशि, ट्रॉफी और प्रमाण पत्र वितरित किए जाएंगे। साथ ही इस प्रतियोगिता में प्रदर्शन के आधार पर टॉप रैंकिंग खिलाड़ियों को गोवा में आयोजित राष्ट्रीय खेलों में छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करने का अवसर प्राप्त होगा। आयोजन को सफल बनाने विधायक किरण सिंहदेव का विशेष सहयोग मिल रहा है। साथ ही वन मंत्री केदार कश्यप, सांसद महेश कश्यप,महापौर संजय पांडे सहित अन्य जनप्रतिनिधियों का सहयोग भी प्राप्त हो रहा है। पत्रवार्ता के दौरान बैडमिंटन संघ के उपाध्यक्ष सुनील खेडुलकर,मीडिया प्रभारी सुब्बाराव,सह सचिव समीर सेन, कोषाध्यक्ष हितेश तिवारी, राजेश जेना, सलमान रजा उपस्थित थे।

## महादेव घाट से इंद्रावती नदी का जल भरा था कांवड़ियों ने

# हर हर महादेव के जयघोष के साथ निकली कांवड़ यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- शंकर देवालय में किया भोलेनाथ का जलाभिषेक

पावन श्रावण मास में कान्यकुब्ज ब्राह्मण समाज द्वारा रविवार को संपूर्ण भक्ति भाव से कांवड़ यात्रा निकाली गयी। हर हर महादेव व बाबा भोलेनाथ के जयकारों के साथ महादेव घाट से इंद्रावती नदी का जल लेकर कांवड़ियों ने शंकर देवालय में भगवान श्री भोलेनाथ का जलाभिषेक किया। कांवड़ यात्रा में बड़ी संख्या में समाज की महिलायें, युवा, नन्हें बच्चे, बुजुर्ग सभी सहभागी बने।

श्रावण मास में प्रथम बार कांवड़ यात्रा का आयोजन युवा संगठन ने किया । महादेव घाट से कांवड़ यात्रा सीरासार चौक, दंतेश्वरी मंदिर के समक्ष से गोल बाजार होते श्री शंकर देवालय पहुंची। गोल बाजार चौक में शिव भक्ति में लीन कांवड़ियों का पुष्प वर्षा कर अभिनंदन किया गया। मंदिर के द्वार पर समाज के वरिष्ठ जनों ने कांवड़ियों का पैर धोकर स्वागत किया। कांवड़ियों द्वारा भगवान श्री भोलेनाथ के जलाभिषेक के बाद महाआरती, प्रसाद वितरण किया गया। साथ ही भंडारे का आयोजन भी हुआ। समाज द्वारा भगवान भोलेनाथ की सेवा कर संपूर्ण जगत की सुख, समृद्धि, शांति के लिये मंगलकामना की गयी।





### ये हुए शामिल

कांवड़ यात्रा आयोजन में कृष्ण मूर्ति शुक्ला, सज्जन लाल अवस्थी, अवधेश शुक्ला, सतीश तिवारी, राजेन्द्र शुक्ला,शैलेंद्र शुक्ला, सुधीर पाण्डेय, रमन शुक्ला, अजय त्रिवेदी, अरूण त्रिवेदी, शैलेंद्र तिवारी, आलोक अवस्थी, वेदान्त दीक्षित सहित बड़ी संख्या में समाज के सदस्य शामिल रहे।

# 50 हजार पौधे लगाने और प्लास्टिक मुक्त शहर बनाने का संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- रोटरी क्लब के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर की पत्रकारवार्ता

रोटरी क्लब के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर अमित जायसवाल ने रविवार को एक होटल में पत्रकार वार्ता में क्लब की आगामी योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस वर्ष 50 हजार पौधे लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जिससे पर्यावरण को संरक्षित किया जा सके। उन्होंने कहा कि रोटरी क्लब द्वारा प्लास्टिक मुक्त अभियान चलाया जाएगा, जिसमें जनता को सिंगल यूज प्लास्टिक से दूर रहने के लिए प्रेरित किया जाएगा। इसके अलावा स्कूलों में जन जागरूकता अभियान चलाकर बच्चों को स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक उत्तरदायित्व के प्रति संवेदनशील बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि क्लब का विशेष फोकस स्वास्थ्य और शिक्षा क्षेत्र में रहेगा। ग्रामीण और पिछड़े क्षेत्रों में स्वास्थ्य शिविरों तथा शिक्षा सामग्री वितरण के माध्यम से समाज के कमजोर वर्गों को लाभ पहुंचाया जाएगा। डिस्ट्रिक्ट गवर्नर ने सभी नागरिकों से इन अभियानों में भागीदारी की अपील करते हुए कहा कि सामूहिक प्रयासों से ही ▶▶| शेष पेज 10 पर



## खबर संक्षेप



### ऊपर वेदी में विशेष ग्राम सभा

**केसकाल।** विकासखंड की ग्रामपंचायत रावबेड़ा के आश्रित ग्राम ऊपर वेदी में एक अगस्त को विशेष ग्रामसभा का आयोजन किया गया। शासन द्वारा संचालित योजनाओं की ग्रामवासियों को जानकारी दी गई। उपरोक्त जानकारी कोलुराम मंडावी जनपद सदस्य क्रमांक 02 मारी क्षेत्र ने दी है।

### फेल हो जाने से हताश 12वीं की छात्रा ने की खुदकुशी

**धमतरी।** पूरक परीक्षा में भी फेल हो जाने से हताश होकर 12वीं की छात्रा ने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। अस्पताल पुलिस चौकी के अनुसार स्थानीय आमापारा निवासी खनक वाधवानी पिता राकेश उम्र 18 वर्ष 12वीं की छात्रा थी। छात्रा 12वीं की वार्षिक परीक्षा में एक विषय में पूरक आ गई थी। 15 जुलाई को पूरक परीक्षा दिलाई थी, जिसमें वह फिर से फेल हो गई। फेल होने से छात्रा दुखी व निराश हो गई। शुक्रवार की रात्रि छात्रा अपने पिता के साथ पावभाजी खाने गई थी, जहां से वापस घर लौट टीवी देख रही थी। रात्रि 12.30 बजे छात्रा सोने के लिए अपने कमरे में चली गई। पिता भी सोने के लिए चले गए। इसी बीच छात्रा ने घर में लगे सिलिंग फेन के बाजू के हुक में फांसी लगा ली। घटना की जानकारी होने पर परिजन छात्रा को शनिवार की सुबह फंदे से उतार उपचार के लिए तत्काल मसीही अस्पताल ले गए। डाक्टर ने चेकअप के बाद छात्रा को मृत घोषित कर दिया।

### खाद का छिड़काव करने गए किसान की खेत में मौत

**धमतरी।** अपने खेत में खाद का छिड़काव करने गए एक किसान की अज्ञात कारणों से मौत हो गई। पुलिस व परिजनों के अनुसार अर्जुनी थाना क्षेत्र के ग्राम अरौद निवासी उधोराम ध्रुव पिता लखनराम उम्र 53 वर्ष किसानी का काम करता था। शुक्रवार की सुबह उधोराम खाद का छिड़काव करने अपने खेत में गया था। खेत में पानी भरा था। जहां कुछ घंटे बाद किसान अपने खेत में सिर के बल अचेत पड़ा था। जानकारी होने पर परिजन व ग्रामीणों ने जाकर देखा तो उसकी मौत हो चुकी थी। घटना की सूचना अर्जुनी पुलिस को दी गई। पुलिस घटनास्थल पहुंची औा शव का पंचनामा कर शाम तक जिला अस्पताल के मर्रच्यूरी भेज दिया। शनिवार को शव को पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया गया है। किसान की मौत का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में खुलासा हो पाएगा।

### जिला संगठन आयुक्त गाइड को राखी सौंपी

**धमतरी।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रुद्री के राज्यपाल पुरस्कार परीक्षा की तैयारी कर रहे स्काउटर डेमन लाल निषाद, दीपेश साहू, गाइड नोमान साहू, तुलेश्वरी साहू, रेशमी साहू, लक्ष्मी मरकाम ने प्राचार्य श्रीमती दीप्ति ध्रुव, स्काउट मास्टर मोहित राम बनपेला, गाइड कैप्टन श्रीमती रजनीगंधा जगताप के मार्गदर्शन में अपने हाथों से पैसठ राखी का निर्माण कर सीमा में दिन-रात चौकसी दे रहे जवानों के लिए जिला संगठन आयुक्त गाइड श्रीमती हिना भोसले को राखी का लिफाफा सौंपा गया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षकगण, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष मुकेश यादव, विधायक प्रतिनिधि शुभम साहू, सांसद प्रतिनिधि नरेश साहू ने हर्ष जताया है।

### गावों के विकास से राज्य की प्रगति संभव : अंगिरा

**धमतरी।** जनपद अध्यक्ष अंगिरा ध्रुव ने ग्राम अरौद (ली.) में सीसी रोड निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया। अध्यक्ष ने कहा कि यह रोड हमारे आवागमन को सुगम बनाएगा। गांव के समग्र विकास और बुनियादी सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करना हमारी पहली प्राथमिकता है। इस अवसर पर मोनिका ऋषभ देवांगन मण्डल अध्यक्ष, सरपंच श्रीमती टिकेश्वरी साहू, युवा मोर्चा अध्यक्ष उमेन्द्र सिन्हा, ऋषभ देवांगन, ग्राम पटेल ईश्वर सिन्हा, बूथ अध्यक्ष सुशील निषाद, रामानंद सिन्हा, धर्मराज सिन्हा, किशोर नेताम, भोलेदास सिन्हा, बालाराम नगारची, रेवाराम सिन्हा उपस्थित थे।

# कोंडागांव जिला व माकड़ी ब्लॉक को नीति आयोग से मिला गोल्ड मेडल

## कलेक्टर नूपुर के नेतृत्व में आकांक्षी जिला और विकासखंड कार्यक्रम में शत-प्रतिशत उपलब्धि

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

नीति आयोग द्वारा संचालित आकांक्षी जिला एवं आकांक्षी विकासखंड कार्यक्रम में कोंडागाँव जिला और माकड़ी ब्लॉक ने उल्लेखनीय प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल प्राप्त किया है। यह उपलब्धि जिला प्रशासन के सुदृढ़ नेतृत्व और व्यवस्थित कार्ययोजना का परिणाम है। कोंडागाँव की कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना के मार्गदर्शन में जिला और विकासखंड ने शत–प्रतिशत लक्ष्यों को हासिल कर राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान स्थापित की है।

देश के 112 आकांक्षी जिलों और 500 आकांक्षी विकासखंडों में शामिल कोंडागाँव और माकड़ी ने सभी निर्धारित इंडिकेटर पर 100 प्रतिशत प्रदर्शन किया। इसी उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए रायपुर में आयोजित राज्य स्तरीय सम्मान समारोह में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने गोल्ड मेडल प्रदान किया। समारोह में कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना और जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अविनाश भोई ने जिले का प्रतिनिधित्व किया और यह प्रतिष्ठित सम्मान प्राप्त किया। जिले में आकांक्षी जिला और विकासखंड कार्यक्रम के प्रभावी क्रियान्वयन और लक्ष्यों की सतत निगरानी में कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना की नेतृत्वकारी भूमिका रही। उनके प्रत्यक्ष निरीक्षण, योजनाओं की समयबद्ध मॉनिटरिंग और टीम के समन्वय ने जिले को यह प्रतिष्ठित उपलब्धि दिलाई।



### आकांक्षी जिला कार्यक्रम की उपलब्धियां



एएनसी गर्भावस्था पूर्व जांच 100:, गर्भवती महिलाओं को पोषण आहार वितरण पूर्ण, मृदा स्वास्थ्य कार्ड का शत–प्रतिशत वितरण, 9 से 11 माह के बच्चों का पूर्ण टीकाकरण, स्कूलों में विद्युतीकरण और मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता, पुस्तक वितरण में शत–प्रतिशत कार्य, माकड़ी विकासखंड आकांक्षी विकासखंड कार्यक्रम की उपलब्धियाँ, एएनसी जांच, शुगर जांच और उच्च रक्तचाप जांच 100 प्रतिशत, गर्भवती महिलाओं को पोषण आहार का पूर्ण वितरण, मृदा स्वास्थ्य कार्ड का शत–प्रतिशत वितरण, महिला स्व–सहायता समूहों को रिवाल्विंग फंड का पूर्ण वितरण।

## कांग्रेस की जांच टीम : किसानों को हो रही परेशानी

# कोकोड़ी का एथेनॉल प्लांट, खेतों में बर्बाद हो रही धान की फसल: नेताम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

कोकोड़ी स्थित मक्का प्रोसेसिंग एथेनॉल प्लांट किसानों के लिए परेशानी का सबब बनता जा रहा है। प्लांट से निकलने वाला अपशिष्ट वेस्ट अब आसपास के खेतों में पहुंचकर फसलों को बर्बाद कर रहा है। इस मुद्दे पर रविवार को जिला कांग्रेस कमेटी की एक निरीक्षण टीम ने कोकोड़ी पहुंचकर हालात का जायजा लिया और प्रभावित किसानों से मुलाकात की। निरीक्षण के दौरान जिलाध्यक्ष बुधराम नेताम ने मीडिया से चर्चा करते हुए कहा कि किसानों की शिकायतें पूरी तरह सही साबित हुईं।

उन्होंने बताया, प्लांट से निकला वेस्ट सीधे–सीधे आसपास के खेतों में जा रहा है। खेतों में लगी धान की रोपाई पूरी तरह नष्ट हो चुकी है। खेत के भीतर लद्दी की तरह यह अपशिष्ट जम गया है, जिससे किसानों की मेहनत पूरी तरह बर्बाद हो रही है।



### किसानों की बढ़ी परेशानी

*ग्रामीणों और किसानों ने कांग्रेस टीम को बताया कि प्लांट से निकलने वाले वेस्ट और बदबू ने जीना मुहाल कर दिया है। खेतों की फसलें मर रही हैं, और आसपास के इलाकों में रहना भी मुश्किल हो गया है। राहगीर तक बिना मुंह–नाक ढंके वहां से नहीं गुजर पा रहे। किसानों ने बताया कि बार–बार प्रशासन और सरकार से गुहार लगाने के बावजूद उनकी परेशानी कम नहीं हुई है। किसान की पूरी फसल बर्बाद हो चुकी है और उन्हें भारी आर्थिक नुकसान का सामना करना पड़ रहा है।*

### कांग्रेस ने की कड़ी निंदा

जिला कांग्रेस अध्यक्ष बुधराम नेताम ने कृषि मंत्री के हालिया बयान को बेतुका और किसानों व आदिवासियों का अपमान बताया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी इस मामले की कड़ी निंदा करती है। सरकार से मांग करती है कि प्लांट से निकलने वाले अपशिष्ट का स्थायी समाधान निकाला जाए। अपशिष्ट के लिए उचित निकासी की व्यवस्था की जाए, ताकि किसानों की फसलें सुरक्षित रहे। स्थानीय ग्रामीणों को बदबू और स्वास्थ्य संबंधी परेशानियों से राहत मिले। कांग्रेस ने चेतावनी दी है कि यदि प्रशासन और सरकार ने जल्द ही ठोस कदम नहीं उठाए, तो पार्टी किसानों के हक के लिए उग्र आंदोलन करने पर मजबूर होगी। किसानों को न्याय दिलाने तक हमारी लड़ाई जनहित में जारी रहेगी बुधराम नेताम ने कहा।

### निरीक्षण टीम में शामिल रहे सदस्य

जिला कांग्रेस कमेटी की निरीक्षण टीम में जिलाध्यक्ष बुधराम नेताम, पूर्व जिलाध्यक्ष झूमूकलाल दीवान, महामंत्री रितेश पटेल, मंडल अध्यक्ष नंदू दीवान, और जिला सचिव उमर मेमन शामिल रहे। स्थानीय किसानों ने उम्मीद जताई है कि कांग्रेस की इस पहल के बाद सरकार और प्रशासन उनकी समस्या को गंभीरता से लेकर जल्द समाधान करेगा।

# फरार अंतर्राज्यीय गांजा तस्कर को पुलिस ने किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव/केशकाल

फरार अंतर्राज्यीय गांजा तस्कर को पुलिस ने तीन माह के बाद गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। साइबर सेल और केशकाल पुलिस द्वारा तकनीकी संसाधनों का उपयोग कर फरार आरोपी का पता तलाश कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार 11 अप्रैल सूचना प्राप्त हुई थी कि एक सफेद रंग की फार्च्यूनर कार क्रमांक आरजे -50 यूए-0788 में कुछ लोग अवैध मादक पदार्थ गांजा छिपा कर ओडिशा से रायपुर की ओर केशकाल के रास्ते से जाने वाले हैं। थाने के सामने एनएच 30 पर नाकेबंदी कर संदिग्ध वाहन का इंतजार किया गया। मुखबिर के बताये अनुसार एक सफेद रंग की फार्च्यूनर कार क्रमांक- आरजे 50 यूए 0788 दिखी। पुलिस को देखकर चालक वाहन को लेकर भागने लगा। अंधेरे का फायदा उठाकर आरोपी वाहन को छोड़कर भाग निकला। वाहन की तलाशी लेने पर गांजा जैसा मादक पदार्थ कुल 130 पैकेट कुल वजन 262.258 किलोग्राम कीमत करीबन 26 लाख 22 हजार 580 रुपए मिला। फार्च्यूनर कार कीमत 25 हजार को बरामद किया गया। अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 20(ख) एनडीपीएस एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। था। जब्त वाहन की नम्बर प्लेट के आधार पर आरोपी की तलाश हेतु टीम राजस्थान गई थी। जहाँ गाड़ी का नंबर, चेचिस नंबर सेम पर इंजन नंबर अलग होने व वाहन मालिक से पूछताछ करने पर घटना दिनांक को और गाड़ी राजस्थान में ही होने की जानकारी पर टीम वापस आ गई। लगातार तकनीकी मदद के माध्यम से फास्टैग का डिटेल प्राप्त हुआ। जिसके अकाउंट नंबर की जानकारी प्राप्त की गई और उससे लिंक एक मोबाइल नम्बर प्राप्त हुआ जो तत्कालीन समय पर बंद था। उक्त मोबाइल नम्बर का सीडीआर से प्राप्त आईईएमआई का सर्च करने पर उसमे संचालित नए नम्बर का पता चला जिसके सम्बन्ध में साइबर सेल द्वारा लगातार मॉनिटरिंग की जा रही थी।

- तीन माह पहले गांजा रखे फार्च्यूनर वाहन को छोड़कर भागा था



### कार्रवाई में इनका रहा योगदान

सम्पूर्ण कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक ज्ञानेन्द्र सिंह चौहान, उनि धीरेंद्र ठाकुर, सउनि निहार रंजन मण्डल, जगेश नेताम, मनोहर निषाद, फालेश्वर सिन्हा, गोविंद कश्यप और साइबर सेल कोंडागांव से निरीक्षक सौरभ उपाध्याय, लुमन सिंह भंडारी, जितेंद्र मरकाम, बीजू यादव, चंदन यादव की विशेष भूमिका रही।

# 684 विद्यार्थियों ने दी प्रतिभा खोज परीक्षा



- सर गौरीशंकर श्रीवास्तव चैरिटेबल ट्रस्ट पिछले 10 वर्षों से कर रहा आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

सर गौरीशंकर श्रीवास्तव चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा टैलेंट सर्च प्रतिभा खोज परीक्षा का आयोजन नूतन उच्चतर माध्यमिक विद्यालय एवं नूतन इंग्लिश स्कूल में किया गया जिसमें लगभग 684 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी। ज्ञात हो कि ट्रस्ट द्वारा प्रतिभा खोज परीक्षा का आयोजन पिछले 10 वर्षों से किया जा रहा है। शहर के लगभग 30 से 35 स्कूल के दसवीं क्लास के बच्चे इस प्रतियोगी परीक्षा में शामिल होते हैं। प्रत्येक स्कूल से लगभग 25-25 छात्रों को सम्मिलित होने का मौका मिलता है। परीक्षा ओएमआर शीट पर होती है। परीक्षा में प्रथम पांच स्थान में आने वाले को चांदी के मैडल एवं सर्टिफिकेट दिए जाते हैं। चयनित अभ्यर्थियों को नाम की घोषणा शिक्षक सम्मान समारोह के दौरान की जाएगी। सर गौरी शंकर श्रीवास्तव चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा प्रतिवर्ष शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट सेवा देने वाले शिक्षकों का सम्मान किया जाता है। इस दिन टैलेंट सर्च एग्जाम के चयनित प्रतिभागियों का भी सम्मान होगा। इस आयोजन में प्रमुख ट्रस्टी डॉक्टर हीरा महावर, अशोक पवार, विनोद पांडे, अजय साजन, अनुराग महावर, रमेश पंजवानी, राकेश झंवर समेत नूतन स्कूल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के शिक्षकगण, प्राचार्य स्नेहचंद्र क्रिस्टी एवं नम्रता पाठक का विशेष सहयोग रहा।

# सिंगल यूज प्लास्टिक के स्थान पर बर्तन का करें उपयोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



### आयुक्त ने स्वच्छता बनाए रखने समाज प्रमुखों, खाद्य प्रतिष्ठानों के संचालकों से किया आग्रह

नगर पालिक निगम शहरवासियों के सहयोग से नगर को स्वच्छ, सुंदर और आदर्श नगर बनाने के लिए कटिबद्ध है। इस दिशा में आयुक्त प्रिया गोयल ने सभी समाजप्रमुखों, नागरिकों एवं खाद्य प्रतिष्ठानों के संचालकों से संयुक्त रूप से आग्रह किया है कि वे इस अभियान में सहभागी बनकर सामाजिक दायित्व का निर्वहन करें। अपने मोहल्लों, वार्डों, कॉलोनियों और धार्मिक सामाजिक आयोजनों में स्वच्छता को सर्वोच्च प्राथमिकता दें। कचरा खुले में न फेंकें, गीले एवं सूखे कचरे को पृथक करें तथा नगर पालिक निगम के निर्धारित समयानुसार वाहन को सुपुर्द करें। समाज के युवाओं को स्वच्छता के प्रति प्रेरित करें, नागरिकों को जागरूक करें और स्वच्छता में सहभागिता को एक जन आंदोलन का रूप दें। होटल, बाबा, रेस्टोरेंट, सामाजिक, सामुदायिक भवन एवं खाद्य प्रतिष्ठान, व्यावसायिक संचालकों से अपेक्षा की है कि शहर की स्वच्छता व्यवस्था में सभी की भूमिका महत्वपूर्ण है। सभी होटल, भोजनालय, सामाजिक, सामुदायिक भवन एवं व्यावसायिक संचालकों, नाश्ता केंद्र, ठेले एवं खाद्य सामग्री विक्रेताओं से आग्रह किया है कि अपने परिसर, रसोईघर और ग्राहकों के बैठने के स्थान की नियमित सफाई करें।

गंदा पानी, बासी खाना, प्रतिबंधित प्लास्टिक व सिंगल यूज प्लास्टिक या कचरा सार्वजनिक नालियों में प्रवाहित न करें। कूड़े-कचरे को बैंककर संग्रहित करें एवं नियमित रूप से नगर निगम की टीम को सौंपें। रसोई कर्मचारियों को साफ-सुथरे वस्त्र, टोपी व दस्ताने पहनाकर सेवा में रखें। शुद्ध जल, स्वच्छ बर्तन एवं कीटरोधी उपायों का उपयोग सुनिश्चित करें। प्रतिबंधित प्लास्टिक पॉलीथीन व सिंगल यूज प्लास्टिक के स्थान पर पूर्ण रूप से बर्तन आदि का उपयोग करें। बाजारों में किसी भी सामाग्री के लिए कपड़े का थैला (झोला) का नियमित उपयोग करें।

उल्लंघन की स्थिति में संबंधित प्रतिष्ठान के विरुद्ध छत्तीसगढ़ नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 एवं स्वच्छता उपविधियों के अंतर्गत कार्यवाही किये जाने का प्रावधान है, इसे स्वच्छ बनाए रखना केवल प्रशासन की नहीं, प्रत्येक नागरिक की नैतिक एवं सामाजिक जिम्मेदारी है।

# नालंदा परिसर से पहले कॉम्पलेक्स बनाने की तैयारी

- पीपीपी मॉडल पर 12 दुकानें होंगी आवंटित, निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 21 को

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

हटकेशर वार्ड में चयनित नालंदा परिसर के पास नगर निगम 12 शॉपिंग कॉम्पलेक्स बनाने जा रहा है। यह दुकानें पब्लिक, प्राइवेट, पार्टनरशिप (पीपीपी) मॉडल पर तैयार की जाएंगी। दुकानों को किराये पर आवंटन के लिए द्वि लिफाफा पद्धति के माध्यम से सीलबंद लिफाफे में आमंत्रण किया गया है।

नगर निगम के बाबू समर्थ रणसिंह ने बताया कि साहेब रेस्टोरेंट के सामने सार्वजनिक शौचालय से लगी नगर निगम की जमीन है, जिसमें 12 शॉपिंग कॉम्पलेक्स का निर्माण किया जाना है, जिसमें आरक्षण का प्रावधान है।

श्री रणसिंह ने बताया कि कोरा निविदा प्रपत्र आवेदन की अंतिम तिथि 8 अगस्त , निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम तिथि 11 अगस्त, निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 21 अगस्त तथा निविदा खोलने की अंतिम तिथि 22 अगस्त को शाम 5:30 बजे है। आमंत्रण में भाग लेने के लिए निवास संबंधी आईडी प्रूफ एवं आरक्षण वर्ग के उम्मीदवारों को वांछित प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा।




वार्ड पार्षद सूरज गहरवाल का कहना है कि नालंदा परिसर बनने से हटकेशर का चौमुखी विकास होगा। नालंदा परिसर के पास ही निगम का कॉम्पलेक्स बनने से बेरोजगारों को व्यवसाय का अवसर मिलेगा। इसलिए निगम नालंदा परिसर बनने से पहले शॉपिंग कॉम्पलेक्स तैयार करने में जुटा है।


## 11 परीक्षा केंद्र में आयोजित की गई, सुरक्षा के लिए तैनात रहा बल

# प्रयोगशाला परिचारक भर्ती परीक्षा में 2770 परीक्षार्थी हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल व्यापम रायपुर द्वारा आयोजित प्रयोगशाला परिचारक भर्ती परीक्षा रविवार को जिले में शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हुई। जिला प्रशासन द्वारा परीक्षा की पारदर्शिता और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए विशेष व्यवस्थाएँ की गई थीं।

परीक्षा के प्रभारी अधिकारी एवं डिप्टी कलेक्टर किशोर शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि इस परीक्षा के सफल संचालन के लिए जिले में कुल 11 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। इन केंद्रों पर कुल 3144 परीक्षार्थियों का पंजीयन हुआ था, जिनमें से 2770 परीक्षार्थियों ने परीक्षा में उपस्थिति दर्ज कराई, जबकि 374 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा और निगरानी के लिए पुलिस बल तैनात किया गया था। साथ ही, किसी भी प्रकार की गड़बड़ी रोकने के लिए सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से सतत मॉनिटरिंग की गई। जिला प्रशासन के अधिकारियों और केंद्राध्यक्षों ने पूरे दिन परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। परीक्षा के दौरान कहीं से भी नकल या अनुचित गतिविधि की कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुई। सभी केंद्रों पर परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। अधिकारियों ने इसे प्रशासनिक टीम और परीक्षा केंद्र कर्मियों के सहयोगपूर्ण प्रयासों का परिणाम बताया। जिला प्रशासन के अनुसार, परीक्षा परिणाम व्यापम की आधिकारिक प्रक्रिया के अनुसार जारी किए जाएंगे।



## पेज 9 के शेष

### विवाहित महिलाओं ....

शासकीय एक्सीलेंट इंग्लिश मीडियम स्कूल अग्रसेन चैक जगदलपुर तथा स्वामी आत्मानंद एक्सीलेंट इंग्लिश मीडियम शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल रेलवे कॉलोनी जगदलपुर शामिल रहे।

### 10 अगस्त से होगा ...

मिलेगा। इस राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में बस्तर के खिलाड़ी भी बड़ी संख्या में भाग ले रहे हैं। प्रतियोगिता के तहत 10 और 11 अगस्त को क्वालीफाइंग राउंड के मैचेस खेले जाएंगे, जबकि 12 और 13 अगस्त को मेन ड्रॉ के मैच होंगे। 14 अगस्त को फाइनल मैच खेले जाएंगे और इसी दिन संध्याकालीन सत्र में समापन और पुरस्कार वितरण होगा।

नये खिलाड़ियों को मिलता है सीखने का मौका : पदाधिकारियों ने बताया कि बड़ी प्रतियोगिताओं में अच्छे खिलाड़ियों का प्रदर्शन देखकर नवोदित खिलाड़ियों को सीखने का अवसर मिलता है। अपने से बेहतरीन खिलाड़ियों का खेल देखकर जूनियर खिलाड़ियों में भी खेल के प्रति लगन और जीत का जुनून पैदा होता है। बस्तर के क्षमतावान खिलाड़ियों कि प्रतिभा निखारने क्वालीफाईड प्रशिक्षकों की आवश्यकता पर बल देते मांग शासन, प्रशासन के समक्ष रखने की बात कही।

### 50 हजार पौधे ...

समाज में सकारात्मक बदलाव लाया जा सकता है।

**ये रहे उपस्थित:** पत्रकार वार्ता में रोटरी अध्यक्ष राहुल जैन, असिस्टेंट गवर्नर कमल शेट्टी, पूर्व अध्यक्ष नवीन भावसार, सह सचिव अभिषेक मद्दी, पब्लिक रिलेशन आफिसर संग्राम सिंह राणा उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### श्रीकृष्ण जन्माष्टमी में शामिल होने दिया आमंत्रण



**घाटलोहंगा।** बस्तर संभाग के ओबीसी परिवारों एवं यादव समाज को आगामी 16 अगस्त को आयोजित होने वाले श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव में आमंत्रित किया गया है। इस अवसर पर ओबीसी महासभा के संभाग अध्यक्ष दिनेश यदू द्वारा समस्त समाजजनों को इस पावन पर्व में सहभागी बनने का आग्रह किया गया है। उन्होंने समाज के प्रति अपने पूर्ण समर्पण भाव को दशार्ते हुए इस महोत्सव को एकता, आस्था और सांस्कृतिक परंपराओं के प्रतीक के रूप में मनाने का संदेश दिया है।
इस विशेष निमंत्रण के माध्यम से उन्होंने सभी ओबीसी एवं यादव परिवारों से अनुरोध किया है कि वे सपरिवार इस आयोजन में शामिल होकर धार्मिक उत्सव को गरिमा प्रदान करें।

### सभी अधिकारी ई-ऑफिस से भेजें फाइल

**सुकमा।** कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव ने साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक में विभागवार लंबित प्रकरणों की जानकारी लेते हुए उनके त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। इसके साथ ही आगामी स्वतंत्रता दिवस के मुख्य समारोह की तैयारियों की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को जिम्मेदारियों की जानकारी ली। मुख्य समारोह प्रतिवर्ष की भांति मिनी स्टेडियम सुकमा में आयोजित होगा। कलेक्टर ने परेड ग्राउंड की तैयारी, मंच, माइक, पोडियम, पुष्पगुच्छ, गुब्बारे, झंडारोहण, सफेद जिप्सी, पेयजल, चिकित्सा सुविधा, अग्निशमन दल, आमंत्रण पत्र, मंच संचालन, मुख्य अतिथियों का स्वागत, पंडाल, कुर्सियों, पार्किंग, शहीद परिवारों का सम्मान, सजावट, प्रकाश व्यवस्था, सफाई तथा परेड रिहर्सल सहित समस्त व्यवस्थाओं को समयपूर्व पूर्ण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने ई-ऑफिस प्रणाली को पूरी तरह लागू करने पर बल दिया और स्पष्ट किया कि अब सभी फाइलें केवल ई-ऑफिस के माध्यम से ही आगे बढाई जाएंगी। अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि सभी कार्य ई-ऑफिस प्रणाली से शुरू करें ताकि कार्यप्रणाली में पारदर्शिता और गति आ सके। बैठक के दौरान कलेक्टर ने जिले में स्कूल भवनों की वास्तविक स्थिति रिपोर्ट तत्काल तैयार कर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने मुख्यमंत्री घोषणा के अनुरूप निर्माण कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। वहीं महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आंगनबाड़ी भवनों की वर्तमान स्थिति की जानकारी भी लीं।

# नीति आयोग के 5 विकास सूचकांकों में से शत प्रतिशत उपलब्धि पर मिला रजत पदक

## जिले को यह सम्मान दिलाने में मैदानी कर्मचारियों के अथक प्रयास अभूतपूर्व : विधायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

ऑडिटोरियम जावंगा गीदम में नीति आयोग के प्रतिष्ठित आंकाक्षी जिला और ब्लॉक कार्यक्रमों के अन्तर्गत संपूर्णता अभियान सम्मान समारोह का आयोजन किया गया था। जिले की इस उल्लेखनीय प्रगति पर विभिन्न सरकारी एजेंसियों, जनप्रतिनिधियों तथा आमजनों के सामुहिक प्रयासों प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आयोजित इस समारोह में मुख्य अतिथि क्षेत्र के विधायक श्री चैतराम अटामी ने अपने उद्बोधन में मैदानी कर्मचारियों के योगदान को अभूतपूर्व बताते हुए कहा कि उनके अथक प्रयास और समर्पित सेवा भाव से यह उपलब्धि अर्जित हुई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मंशानुसार पिछड़े जिलों के सर्वांगीण विकास के लिए संपूर्णता अभियान चलाया जा रहा है। इसका उद्देश्य केन्द्र और राज्य की सभी जनहितकारी योजनाओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक षत प्रतिषत पहुंचाना हैं और हमें प्रसन्नता है कि आज जिला जिन विकास की ऊंचाइयों तक पहुंचा है इन्हीं योजनाओं का परिणाम है और इसके लिए सभी विभाग के मैदानी अमले जनप्रतिनिधि अधिकारी कर्मचारी बधाई के पात्र है। जिले को आज नीति आयोग की ओर से आकांक्षी जिला कार्यक्रम के तहत जो सम्मान दिया गया है इस संबंध में हमारा प्रयास रहेगा कि भविष्य में दंतेवाड़ा जिले को विकास के आदर्श मॉडल जिला के रूप में स्थापित करेंगे। इस संबंध में उन्होंने जिले में शिक्षा, पोषण, स्वास्थ्य स्वरोजगार, पर्यटन संबंधी नवाचारी गतिविधियों का उल्लेख करते हुए कहा कि हम सभी की जिम्मेदारी है कि जिले के विकास में तनमन से अपना योगदान देवें।



### सभी के प्रयास से हुआ संभव

जिला पंचायत अध्यक्ष नंदलाल मुड़ामी ने कहा कि दन्तेवाड़ा को विकास के क्षेत्र में एक अलग नाम पहचान देने में अधिकारी कर्मचारियों जनप्रतिनिधियों की बड़ी भूमिका रही है। लोकहितकारी योजनाओं को अंदरूनी क्षेत्रों में पहुंचाना एक बड़ी चुनौती है। लेकिन सभी के सम्मिलित प्रयास से यह संभव हुआ है आगे भी हमारा प्रयास रहेगा कि हम एकजुट होकर सबका साथ सबका विकास मूल मंत्र को लेकर इस लक्ष्य को प्राप्त करेंगें।

## महिला एवं बाल विकास मंत्री ने ली समीक्षा बैठक

# बच्चों, महिलाओं और किशोरी बालिकाओं के पोषण और स्वास्थ्य पर लापरवाही स्वीकार नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े द्वारा महिला एवं बाल विकास विभाग की समीक्षा बैठक ली गई। बैठक में

- **कुपोषण उन्मूलन व आंगनबाड़ी सुदृढ़ीकरण पर दिए महत्वपूर्ण निर्देश**

उन्होंने विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन की विस्तृत समीक्षा करते हुए कई अहम दिशा-निर्देश दिए। बैठक में मंत्री राजवाड़े ने जिले में कुपोषण की दर को कम करने के लिए सभी अधिकारियों को समर्पित भाव से कार्य करने की बात कही। उन्होंने कहा कि बच्चों, महिलाओं और किशोरी बालिकाओं के पोषण और स्वास्थ्य को लेकर विभाग की जिम्मेदारी बेहद महत्वपूर्ण है और इसमें किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने आगामी छः माह के भीतर जिले में पोषण स्तर में ठोस सुधार लाने के लिए अभियान चलाने, हितग्राहियों के घर-घर जाकर भेंट करने और पर्यवेक्षकों द्वारा सघन निरीक्षण करने के निर्देश दिए।



मंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि विभागीय योजनाओं की जानकारी अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचे और इसके लिए स्थानीय जनप्रतिनिधियों से सक्रिय सहयोग लिया जाए। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि जिले में जिन आंगनबाड़ी केंद्रों की मरम्मत की आवश्यकता है, उनकी सूची बनाकर जिला प्रशासन को शीघ्र सौंपी जाए, ताकि आवश्यक मरम्मत कार्य प्राथमिकता से कराए जा सकें। बैठक के दौरान मंत्री राजवाड़े ने यह घोषणा भी की कि अगले छह माह बाद वे स्वयं जिले का आकस्मिक निरीक्षण करेंगी और विभागीय योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करेंगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे ईमानदारी और समर्पण के साथ योजनाओं का क्रियान्वयन सुनिश्चित करें।

बैठक के दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष नंदलाल मुड़ामी, जिला पंचायत उपाध्यक्ष अरविंद कुंजाम, नगर पालिका अध्यक्ष पायल गुप्ता सहित जनप्रतिनिधि एवं महिला बाल विकास विभाग के संचालक पदुम सिंह एल्मा, अपर कलेक्टर राजेश पात्रे, एसडीएम मूलचंद चोपड़ा, जिला कार्यक्रम अधिकारी वरुण नागेश सभी परियोजना अधिकारी व पर्यवेक्षक उपस्थित रहे।

### विधायक ने रखे महत्वपूर्ण सुझाव

बैठक के दौरान विधायक चैतराम अटामी ने मंत्री के समक्ष पर्यवेक्षकों के रिक्त पदों की पूर्ति का प्रस्ताव रखते हुए कहा कि इन पदों की कमी के कारण आंगनबाड़ी केंद्रों का शत-प्रतिशत निरीक्षण और प्रत्येक माह की गृह भेंट अभियान प्रभावित हो रहा है, जिससे विभागीय उपलब्धियों में अपेक्षित परिणाम नहीं आ पा रहे हैं। उन्होंने पर्यवेक्षकों की शीघ्र नियुक्ति की आवश्यकता पर बल दिया।

### नवपदस्थ संयुक्त संचालक शिक्षा के निरीक्षण के बाद दिखने लगा सुधार



**भोंड।** नव पदस्थ संयुक्त संचालक, शिक्षा के हालिया निरीक्षण और निदेशों के बाद, विकासखंड शिक्षा अधिकारी, बीआरसी एवं संकुल समन्वयकों द्वारा स्कूलों में शैक्षिक गुणवत्ता सुधार की दिशा में किए गए प्रयास अब धरातल पर नजर आने लगे हैं। बस्तर विकासखंड के माध्यमिक शाला लामकेर संकुल केंद्र लामकेर में इन बदलावों की स्पष्ट झलक मिल रही है। यहां प्रतिदिन प्रार्थना सभा के उपरांत विद्यार्थियों द्वारा समाचार-पत्र वाचन की गतिविधि कराई जा रही है, जिसके माध्यम से सभी बच्चों को समसामयिक घटनाओं की जानकारी दी जाती है। यह अभ्यास बच्चों के सामान्य ज्ञान को बढ़ाने के साथ-साथ उनमें आत्मविश्वास भी विकसित कर रहा है। इसके अतिरिक्त, प्रतिदिन विद्यार्थियों से 5 सामान्य ज्ञान प्रश्न पूछे जाते हैं। यदि बच्चे उत्तर नहीं दे पाते, तो संबंधित शिक्षक प्रश्नों के उत्तर समझाते हैं और अगले दिन उन्हीं प्रश्नों की पुनरावृत्ति कर बच्चों से उत्तर लिया जाता है, जिससे ज्ञान की स्थायित्वता सुनिश्चित होती है। विद्यालय में विद्यार्थियों द्वारा अलग-अलग दिनों में हिंदी, अंग्रेजी एवं संस्कृत में गिनती का अभ्यास भी नियमित रूप से कराया जा रहा है, जिससे भाषा ज्ञान के साथ-साथ बहुभाषिक अभ्यास को भी बढ़ावा मिल रहा है। इन नवाचारों से यह स्पष्ट है कि विभागीय निरीक्षण के उपरांत दिए गए निर्देशों का पालन न केवल किया जा रहा है, बल्कि उनमें रचनात्मकता जोड़कर शालाओं की शैक्षणिक गुणवत्ता में भी सुधार लाया जा रहा है।

# ग्राम सभा में स्वास्थ्य, शिक्षा, पोषण एवं स्वच्छता पर विचार विमर्श

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा



जिला प्रशासन, यूनिसेफ एवं एलायंस फॉर बिहेवियर चेंज के संयुक्त तत्वाधान में विगत दिवस ग्राम पंचायत कटुलनार में आयोजित ग्राम सभा में बालक बालिका शिक्षा एवं अभिभावकों की भागीदारी, के तहत व्यवहार कॉर्नर रूप नही गुण को देखो, आज क्या सीखा, पढ़ाई का कोना जैसे बिन्दुओं के प्रति पालकों की भूमिका को बढ़ावा देने अपील किया गया। इस संबंध में जिला समन्वयक राजेश बघेल ने बताया कि जिला कलेक्टर के मार्गदर्शन, समग्र शिक्षा एवं यूनिसेफ के सहयोग से ग्राम पंचायत में व्यवहार कॉर्नर बनाया गया है, जिससे शारीरिक आत्म विश्वास एवं स्वस्थ किशोरावस्था में अभिभावकों की भागीदारी सुनिश्चित किया जा सके। जिले के इस पहले व्यवहार कॉर्नर अन्तर्गत समुदाय आधारित बालक बालिका शिक्षा भेदभाव, बाल विवाह, माहवारी के दौरान भेदभाव, किशोरावस्था से जुड़ी लैंगिक और शारीरिक बनावट संबंधी भेदभाव को समाप्त करने हेतु पहल की गई। साथ ही बच्चों को सुरक्षित माहौल के साथ पढ़ाई के लिए प्रेरित करने आज क्या सीखा एवं पढ़ाई का कोना बनाने हेतु पालकों से आग्रह किया गया। ग्राम सभा में सरपंच, सचिव, वार्ड पंच, शिक्षक, युवोदय विकासखंड समन्वयक, मितानिन, युवोदय स्वयं सेवक, ग्रामीण, समूह की महिलाएं एवं मितानिन उपस्थित रहे।

# श्रावण झुला कार्यक्रम में महिलाओं का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बस्तर

श्रावण मास के पानव अवसर पर ग्राम तितिरगांव में सुर संगम महिला रामायण मण्डली द्वारा महिलाओं के लिये भक्ति मय भजन संध्या संतराग कार्यक्रम सहित सावन

- **सुर संगम महिला मण्डली ने आयोजित किया कार्यक्रम**

उत्सव,सावन झुला का कार्यक्रम कर ग्रामीण क्षेत्र के महिलाओं के समूह को आमंत्रित किया गया एवं जिसमें घरेलू काम काजी महिलाओं को इस अवसर पर एक जूट हो कर महिला सशक्ति करण एवं महिलाओं के एक जुटता पर अनेको जानकारी दिया गया। सावन उत्सव पर महिलाओं के लिए कार्यक्रम के अवसर पर श्रीमती उर्मिला पानीग्राही, सरस्वती साहू, अध्यक्ष नेहा पानीग्राही, उपाध्यक्ष सूज्ञानी पानीग्राही आदि मण्ड़ली के सदस्यों ने बताया कि प्राकृतिक वन संजोय रियासत कालीन ग्राम तितिरगांव में आज भी प्राकृतिक हरियाली से खुशहाली गांव है, ग्रामीण क्षेत्रों के महिलाओं के लिये सुरसंगम रामायण मण्ड़ली द्वारा सावन के अवसर पर कुर्सी दौड़, मांड़लीग, सिंगार प्रतियोगिता आदि विभिन्न कार्यक्रम कर महिलाओं का सम्मान किया गया। एवं महिलाओं को सम्मान स्वरूप मुख्य अतिथि उषा तिवारी के हाथो से संत्वाना पुरूस्कार प्रदान किया गया। उम्बेश्वरी जोशी, सुरूची पाण्ड़े, उर्मिला पानीग्राही, देशा ठाकुर, उषा तिवारी, श्रीमती किरण सेन, महेश्वरी ठाकुर आदि महिलाओं ने सावन उत्सव कार्यक्रम में सम्मिलित रहे।



# प्रशिक्षण प्राप्त करने बच्चों को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| किरंदुल

भारत की सबसे बड़ी लौह अयस्क उत्पादक कंपनी नेशनल मिनरल डेवलपमेंट कॉरपोरेशन ने अपनी कॉरपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) पहल के तहत बस्तर और दंतेवाड़ा जिलों के 500 अनुसूचित जनजाति के युवाओं के लिए एक परिवर्तनकारी कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किया हैं। किरन्दुल से 80 बच्चों को प्रशिक्षण केंद्र पहुंचाने एनएमडीसी अधिशासी निदेशक रवींद्र नारायण ने रविवार शाम 4 बजे हरी झंडी दिखाकर बस को रवाना किया। साथ ही सभी बच्चों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी। इस दौरान एनएमडीसी सीजीएम उत्पादन केपी सिंह, उपमहाप्रबंधक एचआर के एल नागवेणी, सीएसआर प्रबन्धक विवेक रक्षा, संजय पाटील, एस आर गावड़े, रोशन मिश्रा बीएल तारम व अन्य अधिकारी उपस्थित थे। यह कार्यक्रम सेंट्रल इंस्टीट्यूट ऑफ पेट्रोकेमिकल्स इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी हैदराबाद के सहयोग से संचालित किया जा रहा हैं, जिसमें युवाओं को प्लास्टिक और पॉलिमर प्रौद्योगिकी में तकनीकी शिक्षा पूरी तरह से निःशुल्क प्रदान की जाएगी। इस पहल के तहत एनएमडीसी ट्यूशन, प्रशिक्षण, आवास, भोजन और अन्य संबंधित खर्चों को पूर्ण रूप से प्रायोजित कर रही है। कार्यक्रम में मशीन ऑपरेटर जैसे अल्पकालिक पाठ्यक्रम शामिल हैं, जो 8वीं कक्षा उत्तीर्ण उम्मीदवारों के लिए उपलब्ध हैं। यह छह महीने का कोर्स प्लास्टिक प्रसंस्करण, इंजेक्शन मोल्डिंग और ब्लो मोल्डिंग जैसे क्षेत्रों में व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान करता हैं। एनएमडीसी का यह प्रयास न केवल वित्तीय स्वतंत्रता को बढ़ावा देता है, बल्कि उन समुदायों की क्षमता को भी उजागर करता है जो भारत की प्रगति के लिए महत्वपूर्ण हैं।




# स्थानांतरित शिक्षकों की विदाई, नवपदस्थ का स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोंड

बस्तर विकासखंड के संकुल केंद्र लामकेर एवं सालेमेटा 2 में समारोह का आयोजन कर स्थानांतरित शिक्षकों ओमप्रकाश ध्रुव, प्रदीप पटेल, संध्या वर्मा, किरण साहू एवं सुनीता खलखो को भावभीनी विदाई दी गई। इस अवसर पर उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट कर उनके शैक्षिक योगदान के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में संकुल के विभिन्न विद्यालयों में नव पदस्थ शिक्षकों इंदु कुजूर, चित्ररेखा खुमरी मंडावी, रजनी सिदार एवं टेक राम साहू का भी पुष्पगुच्छ भेंट कर आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। इस आयोजन में संकुल लामकेर एवं सालेमेटा 2 के संकुल समन्वयक धर्मेंद्र अग्रवाणी एवं संतोष अग्रवाणी के साथ-साथ शिक्षकगण राकेश शर्मा, मोसू राम सार्दुल, ईश्वर बंजारे, देव कुमार नाग, दुर्गेश मिश्रा, मंजुला दास, विमला पाण्डेय, सोनमणी बघेल, संगीता सोरी, ललीता धमगाए, नम्रता मंडावी, झरना अग्रवाणी, नेहा कश्यप, गौरी, आरती नरेटी, पार्वती ध्रुव, उमा राज सहित अनेक शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में आत्मीयता, सम्मान और सौहार्द्र का वातावरण देखने को मिला, जिसने शिक्षक समुदाय के आपसी सहयोग एवं समर्पण की भावना को और सशक्त किया।



# बैठक में कांग्रेस कमेटी का नया मंडल सेक्टर गठित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| घाटलोहंगा

प्रदेश व जिला कांग्रेस कमेटी के निदेर्शानुसार इच्छापुर मंडल के भादुगुड़ा में मंडल गठन कार्यक्रम आयोजित कर नए मंडल का गठन किया गया इस अवसर पर प्रमुख रूप से ब्लॉक प्रभारी बालेशचंद्र दुबे, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गणेश राम बघेल तथा कांग्रेस के अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

बैठक में सर्वसम्मति से मंडल अध्यक्ष के रूप मे उप सरपंच रामया राम मौर्य को मंडल की जिम्मेदारी सौंपी गई । वहीं सेक्टर अध्यक्षों की जिम्मेदारी सुखराम कश्यप, महादेव बघेल,गेंदाराम सेठिया, प्रहलाद मौर्य,अस्तु बघेल, अमर कश्यप को मनोनीत कर संगठन राम मौर्य ने बैठक को संबोधित किया। उद्बोधन में संगठन को और अधिक सक्रिय एवं मजबूत बनाने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने नवगठित मंडल अध्यक्ष व सेक्टर अध्यक्षों एवं सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई और शुभकामनाएं दीं तथा संगठन के विस्तार और जनसमस्याओं के निराकरण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।



कार्यक्रम में कांग्रेस के अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे।

# यातायात नियमों का पालन करें और सुरक्षित रहें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बस्तर

पुलिस अधीक्षक शलभ कुमार सिन्हा के निर्देशन पर बस्तर थाना पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा साप्ताहिक बाजार में ग्रामीणों को यातायात को लेकर जागरूक किया गया। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि नाबालिक बच्चों के हाथों वाहन ना दे, ओवर स्पीड नहीं चलाने, नशे की हालत में वाहन नहीं चलाने, हेलमेट

- **साप्ताहिक बाजार में यातायात जागरूकता अभियान चलाकर ग्रामीणों को किया जागरूक**

लगाकर वाहन चलाने, कार में सीट बेल्ट बांधकर वाहन चलाने, व यातायात नियमों का पालन करने जागरूक ग्रामीणों को किया गया। उन्होंने अपील करते हुए कहा कि यातायात नियमों का पालन करें और सुरक्षित रहे। वहीं बाइक व कार, पिकअप, ट्रक, ट्रैक्टर चालकों को यातायात नियमों को लेकर विस्तार से जानकारी दी गई।

बस्तर थाना प्रभारी सुरेश जांगड़े के नेतृत्व में थाना स्टाफ के तत्परता से साप्ताहिक बाजार में अनुशासन एवं सुरक्षा सुनिश्चित की गई है।नेशनल हाईवे से लगे गुरुवार साप्ताहिक बाजार के दिन भारी भीड़ रहती है। बाजार स्थल अंदर बाइक व अन्य वाहनों के प्रतिबंध लगाकर वाहन चालकों को समझाईस दी जा रही है। साथ ही पुलिस स्टॉपर लगाकर निगरानी करने से नगरवासी व व्यापारियों को बाजार अंदर पैदल जाने में सहूलियत मिली जिसकी प्रशंसा की है। साप्ताहिक बाजार दिन एसआई अरुण सिन्हा, प्रधान आरक्षक ओमकार नाथ पात्र सहित पुलिस जवान मौजूद रहे।




इंडियन नर्सिंग कौंसिल एवं छ.ग. नर्सेस रजिस्ट्रेशन कौंसिल से मान्यता प्राप्त
प. दीनदयाल उपाध्याय स्मृति स्वास्थ्य विज्ञान एवं आयुष विश्वविद्यालय से सम्बद्धता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(04 वर्षीय पाठ्यक्रम)

प्रवेश योग्यता :
बारहवीं कक्षा उत्तीर्ण बायोलॉजी विषय
नर्सिंग प्रवेश परीक्षा 2025 में उत्तीर्ण
(शासन के नियम अनुसार स्कॉलरशिप की सुविधा)
TEAM CREATIVE
भारत इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग
ग्राम-दानीटोला, पोस्ट-भैसबोड़
तहसील-डौंडी, जिला-बालोद (छ.ग.)
8349196676, 9300752200

**खबर संक्षेप**

### जंगल को बढ़ाने किया पौधरोपण



**बस्तर।** ग्राम पंचायत सोर गांव में सीएफआरएमसी सदस्य ग्रामीणों से बस्तर सेवक मंडल प्रदान संस्था से सहयोग से सामुदायिक वन पेच में वन सीएफआरएमसी समिति ने नर्सरी तैयारी करके जल जंगल जमीन को सुरक्षा संरक्षण और प्रबंधन करके जंगल को बढ़ाने एवं घना करने पर खाली जगह पर 5000 फलदार पौधा रोपण किया गया जिसमें निम्न प्रकार से काजू इमली मंगा महुआ अर्जुन आदि जानकारी बताए जिसमें हमें सीएफआरआर मिला है तो हम अपने तरीके से जंगल को पूरे ग्राम वासी बचाने की कोशिश करेंगे इसलिए हम अपने द्वारा जंगल के कुछ अतिक्रमण खाली पेच पर नर्सरी द्वारा बनाए गए पौधा का रोपड़ ओर करेंगे हम उचित मूल्य होने पर गौड़ वनोपज संग्रह कर आय बनाने की कोशिश करेंगे ग्राम में सीएफआरआर मिलने के बाद सीएफआरएमसी समिति का बड़ा योगदान रहा।

### अतिथि शिक्षक में इस बार 160 नही हुए चयनित

**नकुलनार।** दंतेवाड़ा जिला के चारों विकासखण्ड के शासकीय प्राथमिक और माध्यमिक विद्यालयों में शिक्षा समन्वय योजनांतर्गत अतिथि शिक्षक विगत 10 वर्षों से निरंतर सेवा देते आ रहे थे। उनका चयन हो रहा था पर इस बार नये शिक्षा सत्र में 271 स्थानीय अतिथि शिक्षकों में से 105 शिक्षकों को कार्य में नहीं लगाया गया है। वहीं 166 अतिथि शिक्षकों को कार्य में वापस ले लिया गया है। जिसके चलते शेष बचे 105 शिक्षक जो काम से हट गए हैं। उनके लिये संघ द्वारा एक दिवसीय धरना प्रदर्शन रैली 5 अगस्त के लिये दुर्गा मंच आवराभांटा में की गई है। छतीसगढ़ अतिथि कल्याण संघ के बैनर तले यह धरना आंदोलन की बात कही जा रही है। हालांकि प्रशासन की तरफ से इस धरना रैली की अनुमति दी गयी है या नही यह स्पष्ट नही हुआ है।

# पौधारोपण की सार्थकता तब जब वह पेड़ बने : पाण्डेय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

महापौर एवं स्काउट्स एवं गाइड्स के जिला मुख्य आयुक्त संजय पाण्डे का जन्मदिन आज भारत

- सेजेस कन्या क्रमांक 2 में पौधरोपण और न्योता भोज का आयोजन

स्काउट्स एवं गाइड्स जिला संघ के पदाधिकारियों की उपस्थिति में सेजेस कन्या क्रमांक 2 में बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर नीलमोहर का पौधा रोपित कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। जिसके बाद सभी उपस्थितजनों के लिए न्योता भोज का भी आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की शुरूआत में गाइड कलर पार्टी द्वारा अतिथियों का पारंपरिक स्वागत किया गया। संजय पाण्डे के साथ खेम सिंह देवांगन, लक्ष्मण झा, निर्मल पाणिग्राही, राणा घोष, कसेर, हरीश पारेख, साहू, और वृक्ष मित्र सम्पत झा सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

मंचीय कार्यक्रम में स्काउट्स एवं गाइड्स परंपरा के अनुसार अतिथियों को स्कार्फ पहनाकर सम्मानित किया गया। छात्रों द्वारा तैयार किए गए पौधे अतिथियों को भेंट कर उनका सम्मान किया गया। स्वागत उद्बोधन सुधा परमार द्वारा दिया गया।

**महापौर ने लगाया नीलमोहर का पौधा**





वृक्ष मित्र सम्पत झा ने इस अवसर पर पौधरोपण कार्यक्रम के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा अपने नाम को पौधों से वृक्ष बनाकर अमर हो जाना। उन्होंने इस पहल को महापौर के जन्मदिन को एक स्थायी और सार्थक तरीके से मनाने का बेहतरीन तरीका बताया।

अपने उद्बोधन में महापौर संजय पाण्डे ने इस कार्यक्रम के आयोजन के लिए सभी का धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि ऐसे पुनीत कार्य करने से हमें प्रकृति मां से जुड़ने का अवसर मिलता है। उन्होंने वृक्षों को प्राण वायु ऑक्सीजन प्रदान करने वाला बताते हुए उनके रोपण और संरक्षण के महत्व पर जोर दिया, ठीक उसी प्रकार जैसे एक मां अपने संतान का आजीवन ध्यान रखती है।

कार्यक्रम का संचालन जिला सचिव लिलेश देवांगन द्वारा किया गया। मंचीय कार्यक्रम के पश्चात वृक्षारोपण किया गया, जिसमें संजय पाण्डे ने नीलमोहर का पौधा लगाया। खेमसिंह ने चीकू तथा अन्य अतिथियों ने जामुन, आम, कटहल और काजू के पौधे लगाए।

कार्यक्रम को सफल बनाने में संजय मूर्ति, संजीव शील, रज्जी वर्गिस और स्काउट्स गाइड्स से मनोज महापात्र, दसरुराम यादव, मीरा हिरवानी, जयंती लोहाना, जमुना ठाकुर, दीपा ठाकुर, गिरवर रावटे का योगदान रहा।

### एक पेड़ मां के नाम अभियान पर अरण्य वन में किया पौधरोपण

# लाख पालन, लघु वनोपज संग्रहण एवं कुटीर उद्योगों के विकास पर चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर संभाग के आदिवासियों एवं अन्य ग्रामीणों के रोजगार में वृद्धि और लघु वनोपज आधारित कुटीर उद्योगों को बढ़ावा देने शहर के गीदम रोड स्थित वन विद्यालय में शनिवार को संभाग

- प्रधान मुख्य वन संरक्षक ने वन अधिकारियों की ली समीक्षा बैठक

के वनाधिकारियों की बैठक ली गई। वन मंत्री केदार कश्यप के निर्देश पर छत्तीसगढ़ के प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख श्रीनिवास राव की अध्यक्षता में वन मुख्यालय रायपुर के समस्त वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा कांकेर एवं बस्तर वन वृत्त अधिकारियों को इस संभाग के आदिवासियों एवं अन्य ग्रामीणों के रोजगार में वृद्धि के उपायों पर विस्तृत चर्चा किया गया। बैठक में लाख पालन, लघु वनोपज संग्रहण एवं प्रसंस्करण, वन आधारित कुटीर उद्योगों का विकास आदि मुद्दों पर अधिकारियों को दिशा-निर्देश प्रदान किया गया। इसके अलावा प्रधान मुख्य वन संरक्षक श्री राव द्वारा अधिकारियों को सामुदायिक वन संसाधन अधिकार के संबंध में ग्रामीणों की बैठक लेकर उन्हें इसके प्रावधानों जागरूक करने हेतू निर्देश दिया गया। साथ ही ग्रामीणों की सहभागिता से वनों का उचित प्रबंधन किया जा सके। समीक्षा बैठक में रायपुर से आए उच्च अधिकारियों के साथ सीसीएफ आरसी दुग्गा सहित डीएफओ, एसडीओ एवं परिक्षेत्र अधिकारी शामिल रहे।





#### गुणवत्ता सुधार के दिए निर्देश

बैठक में प्रधान मुख्य वन संरक्षक (विकास, योजना ) अरूण कुमार पांडेय द्वारा वनाधिकारियों को वानिकी कार्यों में नवाचार एवं गुणवत्ता सुधार के निर्देश दिया गया। प्रधान मुख्य वन संरक्षक (भू-प्रबंध) सुनील मिश्रा द्वारा वन-राजस्व रकबे की संयुक्त सर्वेक्षण की प्रगति की जानकारी वनाधिकारियों से लिया गया। इसके अलावा प्रधान मुख्य वन संरक्षक (कार्य आयोजना एवं अनुश्रवण मूल्यांकन) कौशलेंद्र कुमार द्वारा वानिकी कार्यों को कार्य योजना अनुसार पूर्ण गुणवत्ता के साथ करने के निर्देश दिया गए। रायपुर से आए वरिष्ठ वन अधिकारियों द्वारा वन विद्यालय परिसर में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत अरण्य-वन के नाम से पौधा रोपण भी किया।

# सेक्टर अध्यक्ष के गठन के लिए हुई बैठक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

शनिवार को नगरनार ब्लॉक अध्यक्ष कार्यकारी संतोष सेठिया मंडल प्रभारी राजेश कश्यप, मंडल अध्यक्ष बलराम कुकड़ो की उपस्थिति में ग्राम पंचायत मारकेल के सामुदायिक भवन में संगठन के विस्तार और सुदृढ़ीकरण को लेकर सेक्टर अध्यक्ष के गठन के लिए महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। इस अवसर पर संगठन के विस्तार और सुदृढ़ीकरण को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। सेक्टर अध्यक्ष सुखलदार बघेल में सेक्टर अध्यक्ष सुखराम जादव सेक्टर अध्यक्ष गंगाराम कश्यप को नियुक्त किया गया। इस दौरान ग्रामीण के वरिष्ठ पदाधिकारीगण एवं प्रमुख कांग्रेस कार्यकर्ता लेखन बघेल, भोजराज, दयाराम कश्यप, अमित पांडेय भगतराम, भास्कर जोशी, नंदो बघेल, देवी सिंह, बाज प्रभुदास जयमन शिव प्रसाद, तीताराम कश्यप, रेमश सेठिया, कमलराम बघेल, सोभा राम, मकुंदराम जिसुदान, आत्माराम बुदरू सायबो बघेल श्यमलाल रामु समेत अन्य उपस्थित रहे।

## गायत्री विद्यापीठ में मनाई गई तुलसीदास की जयंती

**गीदम।** गायत्री विद्या पीठ मिडिल स्कूल गीदम में गोस्वामी तुलसीदास जयंती मनाई गई। इस दौरान विद्यालय समिति के अध्यक्ष नवीन विश्वकर्मा की उपस्थित रहे। अध्यक्ष द्वारा गोस्वामी जी का पूजन दीप प्रज्जवलित कर किया गया साथ ही श्रीरामचरित मानस ग्रंथ का भी पूजन किया गया। पश्चात विद्यालय प्रमूख जी एल कुंभकार द्वारा संत गोस्वामी के विषय में प्रकाश डाला गया। पश्चात समिती के अध्यक्ष द्वारा गोस्वामी के विषय में उद्बोधन दिया गया और इस प्रकार के आयोजन कराते रहने की सलाह दी गई। छात्रों को प्रसाद वितरण कर कार्यक्रम का समापन किया गया।

# मेमोरियल मेथोडिस्ट चर्च में की आराधना व अर्पण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

शहर के चंदैया मेमोरियल मेथाडिस्ट चर्च में आराधना के पश्चात पास्ट्रेट कमेटी एवं पास्ट्रेट कांफ्रेंस के पदाधिकारी का डीएस रेव्ह. रविंद्र नाथ एवं रेव्ह. युसूफ सिंह द्वारा अर्पण किया गया, उन्हें चर्च और समाज के लिए जिम्मेदारी दी गई। इसमें सचिव विश्वजीत सिंह, कोषाध्यक्ष रविंद्र कुमार दानी, फाइनेंस कमेटी अध्यक्ष विनीश शाह, प्रॉपर्टी कमेटी अध्यक्ष अनिमेष दास, मेंबरशिप कमेटी अध्यक्ष रोहित सूता, सोशल कमेटी अध्यक्ष योयाब जॉन, ले एक्टिविटी कमेटी अध्यक्ष शैलेंद्र शाह, शांति व्यवस्था कमेटी अध्यक्ष हीजिकल नाथ, लिटरेचर कमेटी अध्यक्ष अंचल हिल, क्वायर कमेटी अध्यक्ष जितेंद्र सिंह फाउलर, मसीह शिक्षा कमेटी अध्यक्ष स्मिता पॉल, प्रचार कमेटी अध्यक्षा अमृता सिंह, पुअर फंड कमेटी अध्यक्षा मोनिका हारून, प्रभु भोज कमेटी अध्यक्ष बसंत राव, कब्रिस्तान कमेटी अध्यक्ष प्रभात सिंह भी मेथाडिस्ट मेन अध्यक्ष नरेश सेठी, महिला समिति अध्यक्षा बसंती नाथ, एमवायएफ अध्यक्ष आदीश सिंह, संडे स्कूल अध्यक्षा ग्रेसीना सिंह को जिम्मेदारी दी गई। इसकी जानकारी मसीह समाज के प्रवक्ता अनिमेष दास द्वारा दी गई।

# डाइट में प्रशिक्षण पाकर अपने ब्लॉक में शिक्षकों को प्रशिक्षित करेंगे प्रतिभागी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

कक्षा 6वी की अंग्रेजी की नई पाठ्यपुस्तक पूर्वी पर आधारित 5 दिवसीय शिक्षक उन्मुखीकरण कार्यक्रम डाइट बस्तर में किया गया।

इस प्रशिक्षण का उद्देश्य शिक्षको

- बस्तर एवं कोण्डागांव जिले के 36 शिक्षकों ने पाया प्रशिक्षण

को पूर्वी पाठ्यपुस्तक की संरचना, शिक्षण दृष्टिकोण, अधिगम परिणाम और पाठ्यचर्यो लक्ष्य से परिचित कराना था। यह पुस्तक राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 और रास्ट्रीय पाठ्यचर्या की रूपरेखा 2023 के आधार पर तैयार की गई है। इस कार्यक्रम में बस्तर एवं कोण्डागांव जिलो से चयनित 36 प्रतिभागियों ने भाग लिया। ये शिक्षक आगामी दिनो में अपने विकासखण्ड के शिक्षको को प्रशिक्षण देंगे।



प्रशिक्षण के दौरान मूलभूत दक्षता, बहुभाषावाद और स्थानीयता आधारित शिक्षा पर विचार-विमर्श हुआ। समापन समारोह में एससीआरटी से प्राचार्य शासकीय शिक्षक महाविद्यालय रायपुर एवं राज्य नोडल अधिकारी एनईपी 2020 आलोक शर्मा सम्मिलित हुए। उन्होने प्रशिक्षण कार्यक्रम के महत्व के बारे में बताया। प्रतिभागियों ने भी प्रशिक्षण को उपयोगी एवं प्रेरणा दायक बताते हुए अपने विद्यालयों में नवाचार लागू करने की प्रतिवद्धता जताई। कार्यक्रम को सफल बनाने में डाइट प्राचार्य नीतिन डड्सेना, डॉ. स्टेनली जॉन, राजेन्द्र जोशी, विनय शिन्दे, मोहनलाल बोगा एवं महेन्द्र कश्यप की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## कांग्रेस की महिलाओं ने मनाया सावन उत्सव...



**जगदलपुर।** महिला कांग्रेस परिवार ने टाउन हॉल में सावन झुला कार्यक्रम आयोजित कर एक दूसरे को सुख शांति और समृद्धि की शुभकामनाएं दी। हरे रंग की वेशभूषा में पहुंची युवतियां और महिलाएं सावन के इस महिने में सादगी से उत्सव मनाया। वहीं सावन सोमवार तथा आने वाले दिनों में होने वाले भाई बहन का पावन पर्व रक्षाबंधन की भी शुभकामनाएं दी।



### रोजगार दिलाने के नाम पर धर्मांतरण अनुचित : मंडावी

**जगदलपुर।** आदिवासी नेत्री एवं भाजपा की पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष जबीता मंडावी ने कहा है कि छत्तीसगढ़ में जनजातीय समुदाय के अवैध धर्मांतरण के मामले बढ़ रहे है। सेवा की आड़ में और रोजगार दिलाने के नाम पर भोले भाले आदिवासियों को बहला फुसला कर धर्मांतरण का खेल खेला जा रहा है। आदिवासी भाई को दूसरे आदिवासी भाई से लड़वाने का प्रयत्न किया जा रहा है।

# खुशी ढूंढने का कोई न कोई बहाना चाहिए प्यार चाहते हो तो हर पल मुस्कुराना चाहिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर दसराहा पसरा में प्रांतीय छत्तीसगढ़ी साहित्य समिति के कवि गोष्ठी में शहर के साहित्यकार उपस्थित हुए। कार्यक्रम में

- बस्तर दसराहा पसरा परिसर में कवि गोष्ठी संपन्न

साहित्यकारों ने सभी विधाएं पर रचनाएं पढ़ीं। सबसे पहले सरस्वती वंदना सुमधुर स्वर में चमेली नेताम सुवासिता ने प्रस्तुत किया।



उसके बाद शिवसागर त्रिपाठी ने एकांत और सावन विषय पर कविता प्रस्तुत कर वाह-वाही बटोरी। अवध किशोर शर्मा ने समसामयिक गीतिका और दोहा पढ़ कर तालियां बटोरी। ऋषि शर्मा ऋषि ने गजलें तरन्नुम में पेश कर माहौल को खुशनुमा कर दिया। विपिन बिहारी दाश ने तुलसीदास के दोहे और गजल मुझको मालूम है, मुहब्बत में अक्सर होता है, जो इधर है मेरी हालत उधर होता है तरन्नुम में प्रस्तुत कर तालियां बटोरी।

शशांक श्रीधर ने अखबार के छोटे छोटे टुकड़े हिन्दी कविता और छत्तीसगढ़ी में गांव के विकास विषय पर व्यंग्य रचना प्रस्तुत कर तालियां बटोरी। शिरीष कुमार टिकरिहा ने छत्तीसगढ़ी में चाली चुगली मा बिकट मजा आथे और चल लबरी मैंय नइ आंवव तोर गोठ मा रचना पढ़ कर वाह वाही बटोरी। अनिल शुक्ला ने दरिया के टूटे किनारों पर गजल कहता हूं और कलम के हैं सिपाही हम किसी से कम नहीं गीत गा कर वाह वाही बटोरी। कृष्णशरण पटेल कृष्णा ने खुशी ढूंढने का कोई न कोई बहाना चाहिए, प्यार चाहते हो तो हर पल मुस्कुराना चाहिए और जिधर देखो उस तरफ हर किसी को टेंशन होता है गजल प्रस्तुत कर सब का मन मोह लिया। चमेली नेताम सुवासिता ने श्री राम ला मन मा बसा, सुमिरन करौ प्रभु नाम ला। सत के करम करके इहाँ, अउ कर लिहा दू काम ला।

श्री राम विषय पर छंदबद्ध रचना प्रस्तुत किया। संचालन करते रामेश्वर प्रसाद चंद्रा ने अंधेरा घना लगे जितना मगर सूर्य उगते ही वह तो चला जायेगा गीत प्रस्तुत कर सब का मन मोह लिया। कार्यक्रम में शोभा शर्मा एवं अन्य श्रोतागण मौजूद रहे।

# डिवाइडर के पौधों के कारण दुर्घटना की आशंका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बचेली

डिवाइडरो के बीच लगाए गए पौधे बारिश के बीच छटाई नहीं होने से वाहन चालक हादसों का शिकार हों रहे हैं। हालत ये हैं की बचेली मुख्य

- नगर पालिका ने लंबे समय से कटाई छटाई नही किया

सड़क में डिवाइडरो में लगाए गए पौधे घनी झाड़ियों में बदल चुके हैं। इन पौधो की वजह से वाहन चालकों को दायें से बायें या बायें से दायें की सड़क में आते समय आकस्मिक दुर्घटना की संभावना बनी रहती हैं।

इन पेड़ पौधो की नगरपालिका के अधिकारीयों व कर्मचारीयों द्वारा लम्बे समय से कटिंग-छटाई नहीं कराई गयी हैं। जिससे यह पौधे बड़े तथा घने हों गए हैं। इसके चलते वाहन चालकों को मोड़ में पेड़ पौधो के कारण सामने से आ रहे वाहन दिखाई नहीं देते हैं। इससे हादसे की आशंका रहती हैं। यदि नियमित रूप से इन पेड़-पौधो की छटाई की जाए तो इससे इनकी ऊंचाई और घनत्व को नियंत्रित किया जा सकता हैं। परन्तु नगरीय प्रशासन इस समस्या की ओर ध्यान नहीं दे रही हैं।



